# प्रदेश के हर मंडल में होगा एयरपोर्ट

## मुख्यमंत्री ने कानपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का किया उद्घाटन, कहा- यह एक नए युग की शुरुआत

कानपुर/मैनपुरी। कानपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल (सिविल एंक्लेव) का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर मंडल क्षेत्र में एक एयरपोर्ट होगा। कानपुर में नए सिविल एंक्लेव का उद्घाटन एक नए युग की शुरुआत है। उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह भी मौजूद रहे। उधर, सीएम ने मैनपुरी को 173.19 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में सिर्फ दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे। मौजूदा समय में नौ एयरपोर्ट चालू हैं। 12 एयरपोर्ट बन रहे हैं। आने वाले समय में प्रत्येक कमिश्नरी में एक एयरपोर्ट स्थापित किए जाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

सीएम ने मैनपुरी में दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया की मूर्ति का अनावरण किया और वहीं 238.30 करोड़ 23 औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास व उद्घाटन भी किया। ब्यूरो/संवाद



सैफई हवाई पट्टी पर केंद्रीय उड्डयन मंत्री और सीएम योगी की मुलाकात हुई।

### तीन वर्षों में यूपी में होंगे 22 एयरपोर्ट : सिंधिया

सिंधिया ने कहा कि जेवर और अयोध्या हवाई अड्डा बन रहा है। अगले तीन सालों में यूपी में 22 हवाई अड्डे चालू हो जाएंगे। 2014 में कानपुर से हर हफ्ते चार विमानों का आवागमन होता था। अब 28 विमानों का आवागमन हो रहा है। कहा कि यूपी को पहले अराजकता, गुंडागर्दी के लिए जाना जाता था। विकास के रास्ते से भटक चुका प्रदेश अब विकास और प्रगति के रूप में विश्व पटल पर उभर रहा है। यूपी में निकाय चुनाव में मिली जीत सुरक्षा और सुशासन की जीत है। यूपी में पिछले छह सालों में पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में इतिहास रचा गया है।

## अमेठी में बनेगा नया एयरपोर्ट टर्मिनल

रायबरेली की सीमा पर अमेठी के फुरसतगंज में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी की हवाई पट्टी पर नया टर्मिनल बनाया जाएगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मुताबिक गोरखपुर, आगरा और प्रयागराज एयरपोर्ट टर्मिनल के विस्तार का काम शुरू होना है। कुंभ मेला के पहले प्रयागराज एयरपोर्ट का नया टर्मिनल शुरू हो जाएगा।